**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**बुधवार 04.12.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– वैदिक दर्शन और सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में भारतीय नई पहचान स्थापित कर रहे हैं।**
- **प्रदे□ा में 28 जनवरी से प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पारंपरिक मोटे अनाज के व्यंजन परोसे जाएंगे।**
- **राज्यपाल गुरमीत सिंह ने नगर निकायों और प्राधिकरणों के लिए विशेष प्रावधान अध्यादेश–2024 को मंजूरी दी।**
- **सरकार ने आईटीआई भवनों की घटिया गुणवत्ता के संबंध में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।**

**भारतीय वैदिक दर्शन**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि वैदिक दर्शन और सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में भारतीय नई पहचान स्थापित कर रहे हैं। देहरादून में 'उपनिषदीय दर्शन बोध' पुस्तक का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि होने के साथ ही आध्यात्मिक चिंतन का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक राज्य की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगी। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की आस्था, निधि और गौरव 'आध्यात्म' की ओर आ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से लेखक ने आम लोगों को उपनिषदों और वेदों से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया है।

**राष्ट्रीय खेल**

प्रदेश में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पारंपरिक मोटे अनाज के व्यंजन परोसे जाएंगे। ये जानकारी देते हुए उत्तराखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महेश नेगी ने बताया कि खिलाड़ियों के रहने और खाने की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि खेलों के लिए अच्छे व तकनीकी रेफरी और जज बुलाए जा रहे हैं। श्री नेगी ने बताया कि प्रदर्शनी खेलों के माध्यम से देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन और क्रियान्वयन के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की आगामी सभी बैठकें देहरादून के राष्ट्रीय खेल सचिवालय में ही आयोजित की जाएंगी।

**राश्ट्रीय खेल**

कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत ने आज ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर में राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनोज सरकार स्टेडियम में वॉलीबॉल और हैंडबॉल की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

**स्वच्छ भारत मिशन**

टिहरी से विधायक किशोर उपाध्याय ने आज स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बौराड़ी में नगर पालिका के वेस्ट टू वंडर पार्क का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में शहर को प्रथम स्थान दिलाने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। श्री उपाध्याय ने कहा कि प्लास्टिक, रबर के टायर, बोतलें लगातार

परेशानी का कारण बन रही हैं। लेकिन ऐसे प्रयोगों से इन अपशिष्ट पदार्थों का पुनः उपयोग किया जा सकता है।

**मेरा युवा भारत**

केंद्र सरकार, मेरा युवा भारत के तहत विकासशील भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष के युवाओं के लिए मेरा युवा भारत पोर्टल पर डिजिटल क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में चयनित युवाओं को 11 और 12 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपने विचार साझा करने का मौका मिलेगा। चंपावत जिले के नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी आशीष पाल ने बताया कि भारत युवा नेता संवाद के लिए प्रत्येक विकासखंड से 1 हजार 600 युवाओं के पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। प्रतियोगिता के लिए अब तक 4 हजार से अधिक युवा पंजीकरण करा चुके हैं।

**अध्यादेश को मंजूरी**

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने नगर निकायों और प्राधिकरणों के लिए विशेष प्रावधान अध्यादेश–2024 को मंजूरी दे दी है। अध्यादेश की अवधि 2027 तक होगी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर निकायों में स्थित मलिन बस्तियां अतिक्रमण हटाओ अभियान के दायरे में आ गई थीं। इसके बाद मलिन बस्तियों को बचाने के लिए राज्य सरकार 2018 में अध्यादेश लेकर आई थी, जिसके बाद मलिन बस्तियों में रहने वालों को तीन साल तक राहत मिली थी। इसके बाद 2021 में सरकार फिर अध्यादेश लेकर आई, जिसकी अवधि इसी साल अक्टूबर में खत्म हो गई। अब सरकार तीसरी बार अध्यादेश लेकर आई है।

**निर्माणधीन**

प्रदेश सरकार ने निर्माणाधीन आईटीआई भवनों के अधूरे और घटिया गुणवत्ता के मामले में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। आज देहरादून में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने हरिद्वार के नारसन स्थित आईटीआई में सुरक्षा निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 87 लाख 30 हजार रुपए स्वीकृत किए। श्रीमती रतूड़ी ने उत्तराखंड पेयजल निगम को आईटीआई के सुरक्षा निर्माण कार्य के साथ ही ड्रेनेज सिस्टम और बाउंड्रीवाल पर काम करने के निर्देश दिए हैं।

**पक्का घर**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हर गरीब व्यक्ति को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने दो करोड़ 95 लाख मकान बनाने की स्वीकृति दी है। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत 38 लाख घर आवंटित किए गए हैं। इसके लिए दस हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की गई थी।

**परिणाम जारी**

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने वन विभाग स्केलर भर्ती का परिणाम जारी कर दिया है। सफल अभ्यर्थियों का अब दस्तावेज सत्यापन होगा, जिसके बाद आयोग वन विभाग को अंतिम चयन सूची भेजेगा। आयोग के सचिव सुरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि स्केलर पदों के लिए शारीरिक परीक्षा इस वर्ष 15 मई से 20 जून के बीच उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में आयोजित की गई थी। परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए 25 अगस्त को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी।

**वंदे भारत रेल**

पौड़ी गढ़वाल के रेल यात्री अब 10 दिसंबर से वंदे भारत ट्रेन में सफर कर सकेंगे। देहरादून से लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को नजीबाबाद रेलवे जंक्शन पर स्टॉपेज दिया गया है। रेलवे के मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेहान रजा रिजवी ने बताया कि 10 दिसंबर से ट्रेन प्रतिदिन नजीबाबाद में दो मिनट रुकेगी। देहरादून से लखनऊ जाने वाली ट्रेन शाम 4 बजकर 17 मिनट पर नजीबाबाद स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह लखनऊ से देहरादून जाने वाली ट्रेन सुबह 11 बजकर 8 मिनट पर नजीबाबाद पहुंचेगी। कोटद्वार वासियों की मांग को देखते हुए गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर नजीबाबाद में वंदे भारत ट्रेन के स्टॉपेज की मांग की थी।

**पासिंग आउट परेड**

भारतीय सैन्य अकादमी– आईएमए में पासिंग आउट परेड 14 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इसे लेकर भारतीय सैन्य अकादमी में तैयारियां चल रही है और कैडेट्स पासिंग आउट परेड की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में छह दिसंबर को ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित की जाएगी, जिसमें आर्मी कैडेट कॉलेज विंग के कैडेट को डिग्री प्रदान की जाएगी।

**संक्षिप्त समाचार–**

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने डाक्टर मनमोहन रौथाण को हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्व विद्यालय का प्रभारी कुलपति नियुक्त किया है।

- हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान के तहत किसानों को सोलर पंपसेट लाभान्वित करना सरकार का उद्देश्य है। इसके लिए उन्होंने आज जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- लखनऊ में आयोजित 60वीं विद्यालयी राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाले चमोली जिले के एथलीट अमन ठाकुर को जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सम्मानित किया।